अधिवक्ता संघ चुनाव में दो पूर्व अध्यक्षों के बीच मुकाबला

चुनाव को लेकर गहमागहमी चरम पर,अन्य पदों के लिए खीचतान जारी

नवभारत न्यूज

सतना, 1 जुलाई. जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में कुल 43 प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं.अध्यक्ष पद के लिए आठ प्रत्याशी मैदान में हैं,लेकिन मतदान के दो दिन पूर्व जो तस्वीर उभर कर सामने आयी है.उसमें स्पष्ट नजर आ रहा है कि चुनाव में मुकाबला दो पूर्व अध्यक्षों के बीच में ही होगा.

गौरतलब है कि साढ़े सत्रह सौ सदस्य संख्या वाले जिला बार में नियमित प्रक्टिस करने वाले कम और पंजीयन करने वालों की संख्या ज्यादा है.पहली बार ऐसा देखने में आया है कि चुनाव के प्रमुख

प्रत्याशी जिला कचहरी में अधिवक्ताओं से सम्पर्क करने के वजाए व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर रहे हैं.हालांकि अध्यक्ष के जो प्रत्याशी नियमित रूप से अदालती कार्रवाई में शामिल होते हैं,वे प्रक्टिस में आने वाले वकीलों से सम्पर्क बना रहे हैं. जानकारों की माने तो अधिवक्ता संघ चुनाव में रणनीतिक तौर पर जो बिसात बिछाई गई है उसकी जमीन कुछ लड़ाकों ने काफी पहले से ही तैयार कर रखी थी.इसका अन्दाजा लोगों को चुनाव शुरू होने के बाद लगा.पूर्व अध्यक्ष सुनील शर्मा ने शेष अध्यक्ष के प्रत्याशियों के सामने ऐसी परिस्थिती पैदा कर दी है कि हर दावेदार अपना मुकाबला उन्ही से मान रहा है.दूसरी तरफ पूर्व अध्यक्ष आर बी सिंह ने भी इस बार अपनी दावेदारी पिछली बार हुई चूक को सुधारते हुए की है.उन्होने कचेहरी में अपने प्रचार अभियान को सीमित रखते हुए अपने मतदाताओं से सीधे सम्पर्क किया है.शेष दावेदारों में रमेश पाठक निवृत्तमान अध्यक्ष के पुत्र है.इस वजह से उन्हे भी काफी महत्व मिल रहा है.बार के कई पदों पर पूर्व में चुनाव जीत चुके अमृत लाल शुक्ला भी किसी से कमजोर नजर नहीं आ रहे हैं.पूर्व वरिष्ठ अधिवक्ता स्व.रामगोपाल श्रीवास्तव के पुत्र रत्नेश श्रीवास्तव पहली बार चुनाव मैदान में हैं.इसके अलावा पुष्पराज सिंह,ददन सिंह परिहार और प्रदीप पाण्डेय चुनाव मैदान में उतरे हैं.

नए मतदाताओं का रूख अस्पष्ट

पिछले दो वर्ष के दौरान जिला बार में अधिवक्ताओं की संख्या में काफी वृद्धि हुई है .ज्यादातर वरिष्ठ प्रत्याशी नए मतदाताओं के रूख को लेकर संशय में हैं .उनका मानना है कि आने वाली पीढ़ी त्वरित घटनाक्रमों से बहुत जल्दी प्रभावित हो जाती है .ऐसे में उनका वोट किसे और किस आधार पर मिलेगा यह स्पष्ट नहीं है .हालांकि जिन चेम्बरों से उनका जुडवा है .उनके सीनियर यही मान कर चल रहे हैं कि उनका जूनियर उन्ही के कहने पर वोट देगा .

नान प्रक्टिसनर निर्णायक

पिछले कई चुनावों से जिला बार में नियमित तौर पर नहीं आने वाले अधिवक्ता ही यह तय करते आ रहे हैं कि बार का अध्यक्ष कौन होगा .बताया जाता है कि इस बार ऐसे सदस्यों की संख्या पहले की अपेक्षा आधे-आधे की हो गई है .ज्यादातर प्रत्याशियों ने उनसे सम्पर्क करने की कोशिश की है .इसके बावजूद दस प्रतिशत ऐसे मतदाता भी हैं जिनका सम्पर्क कुछ ही लोगों से है .

मतदान 3 को सुबह 9 बजे से

जिला अधिवक्ता संघ सतना के द्विवार्षिक निर्वाचन (सत्र 2026-28) के लिए कल 3 जुलाई को होने वाले मतदान की सभी प्रशासनिक व संगठनात्मक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी रमेश मिश्रा शासकीय अभिभाषक/लोक अभियोजक (जीपी) सतना ने बताया संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न कराई जा रही है। इस चुनाव में कुल 1775 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, चुनाव में कुल 6 पदाधिकारियों (कोषाध्यक्ष आरक्षित महिला) सहित कार्यकारिणी सदस्य के 3 अनारक्षित एवं 2 महिला आरक्षित पदों को मिलाकर कुल 45 अभ्यर्थी मैदान में हैं। न्यायालय परिसर स्थित अधिवक्ता संघ के हाल में 03 मतदान केंद्र (बूथ) बनाए गए हैं जहाँ बैठकर विधिवत वोट डालने की सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई है। मतदान का समय प्रात: 9-00 बजे से सायंकाल 5-30 बजे तक निर्धारित है। 4 जुलाई को प्रात: 10-00 बजे से शुरू होने वाली मतगणना का अधिवक्ता संघ के अधिकृत फेसबुक आईडी पर सीधा/लाइव प्रसारण किया जाएगा। इससे सभी प्रत्याशी अधिवक्ता साथी और आमजन घर बैठे या कहीं से भी पल-पल के नतीजों को पूरी पारदर्शिता के साथ देख सकेंगे।

झाड़ी में छिपा मिला महुआ का जखीरा

70 डिब्बों में मिला1050 किलो लाहन

नवभारत न्यूज

सतना 1 जुलाई. जंगल में नदी के किनारे मौजूद झाड़ियों और खोह जैसे कठिनाई से नजर आने वाले स्थान को महुआ लाहन का जखीरा छिपाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था. पुलिस ने छापेमारी कर 70 डिब्बों में भरकर रखे गए 1050 किलो लाहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया. वहीं अवैध शराब बनाने वालों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है.

मैहर जिले के ताला थाना अंतर्गत मुकुंदपुर चौकी प्रभारी नागेश्वर मिश्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर से इस बात की सूचना मिली थी कि जंगल में नदी किनारे अवैध तौर पर शराब निर्माण किया जा रहा है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने मुर्जआ नदी के किनारे पहुंच कर छापेमारी शुरु कर दी. प्रारंभिक पड़ताल में सब कुछ सामान्य नजर आया. लेकिन जब टीम ने बारीकी से जांच करते हुए घनी झाड़ियों को हटाकर देखा तो वहां पर 15 किलो की क्षमता वाले प्लास्टिक के कंटेनर रखे मिले. इसी कड़ी में पुलिस टीम ने सघन तलाशी करते हुए नदी किनारे मौजूद खोह की भी जांच की तो वहां पर भी प्लास्टिक के डिब्बे मिले. उक्त स्थान से पुलिस को कुल 70 डिब्बे मिले. जिनमें 1050 किलो महुआ लाहन भरा हुआ था. जिसे मौके पर ही नष्ट करा दिया गया. वहीं पुलिस द्वारा चोरी छिपे अवैध तौर पर शराब बनाने वालों की पहचान करने का प्रयास शुरु कर दिया गया है.

मझगवां स्टेशन की सुविधाओं को लेकर भूख हड़ताल

क्षेत्रीय प्रबंधक के आश्वासन पर धरना समाप्त

नवभारत न्यूज

सतना, 1 जुलाई. सतना प्रयागराज रेलखण्ड पर मझगवां रेलवे स्टेशन पर बुधवार को रेलवे सुविधाओं की मांग को लेकर भूख हड़ताल की गई। यह हड़ताल रीवा-आनंद विहार एक्सप्रेस के नियमित ठहराव, आरपीएफ चौकी की स्थापना और रेलवे आरक्षण केंद्र खोले जाने की मांग पर केंद्रित थी। लगभग 4 घंटे बाद रेलवे अधिकारियों के आश्वासन पर धरना समाप्त हो गया।

कांग्रेस नेता आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि मझगवां क्षेत्र के हजारों यात्रियों को ट्रेन के ठहराव और अन्य आवश्यक रेलवे सुविधाओं की कमी के कारण लंबे समय से परेशानी हो रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस संबंध में रेलवे प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान कई बार आकर्षित कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। हड़ताल के दौरान, द्विवेदी ने तीन प्रमुख मांगें रखीं मझगवां रेलवे स्टेशन पर रीवा-आनंद विहार एक्सप्रेस का नियमित ठहराव, यात्रियों की सुरक्षा के लिए आरपीएफ चौकी की स्थापना और स्थानीय निवासियों की सुविधा हेतु रेलवे आरक्षण केंद्र की शुरुआत। इस भूख हड़ताल को कांग्रेस कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों का समर्थन मिला। क्षेत्र के लोगों का मानना है कि ट्रेन के ठहराव और अन्य रेलवे सुविधाएं मिलने से मझगवां तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

एरिया मैनेजर ने दिया आश्वासन

हड़ताल की सूचना मिलते ही रेलवे के क्षेत्रीय प्रबंधक नरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से बातचीत की और उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद आशुतोष द्विवेदी ने अपना अनशन समाप्त कर दिया।

बरौंधा के चुआ में फंदे पर लटका मिला नवविवाहिता का शव

नवभारत न्यूज

सतना 1 जुलाई. जिले के बरौंधा थाना क्षेत्र अंतर्गत चुवा गांव में बुधावार की सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक नवविवाहिता का शव घर के अंदर फंदे पर लटका पाया गया. मृतका के माएके पक्ष के लोगों ने हत्या कर लटकाने का गंभीर आरोप लगाया है. पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय नवविवाहिता अंजना विश्वकर्मा

पति सुनील का शव कमरे में फंदे पर लटका पाया गया. परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरु कर दी. वहीं घटना की जानकारी मिलने पर मृतका अंजना के माएके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए. मृतका की बड़ी बहन कल्पना विश्वकर्मा ने फफकते हुए बताया कि अंजना को उसके ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था. विवाह के कुछ दिनों बाद से ही नति सुनील सहित जेठ जेठानी और सास द्वारा लगातार बाइक टीवी और पैसों की मांग की जा रही थी. इसके लिए अंजना के साथ मारपीट भी की जाती थी. कल्पना के अनुसार अंजना ने आत्महत्या नहीं की है, बल्कि उसकी हत्या कर फंदे पर लटका दिया गया है.

तहसीलदार एसडीओपी पहुंचे

नवविवाहिता की मौत और माएके पक्ष के लोगों द्वारा लगाए जा रहे गंभीर आरोपों को देखते हुए तहसीलदार बरौंधा वृत्त डॉ. सुदामा प्रसाद और एसडीओपी चित्रकूट राजेश बंजारे भी मौके पर पहुंच गए. अधिकारियों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही परिजनों सहित अन्य लोगों से चर्चा कर जानकारी ली. वहीं पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ाई जा रही है. विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर ही आरगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.

शहीद प्रिंस के नाम से जानी जाएगी गली

नवभारत न्यूज

सतना 1 जुलाई. जिले के जैतवारा थाने में तैनाती के दौरान प्रधान आरक्षक प्रिंस गर्ग को गोली मार दी गई थी.

कुछ दिनों तक चले उपचार के बाद उनका निधन हो गया था. जिसे देखते हुए नगर सरकार की मंत्रिमण्डलीय बैठक में शहर के वार्ड क्र. 30 में जे.पी. कालोनी की मुख्य गली का नाम शहीद स्वर्गीय प्रिंस गर्ग मार्ग के नाम से नामकरण की सहमति 8 महीने पहले ही दे दी गई थी. इसी

कड़ी में 7 महीने पहले नगर निगम के सामान्य सम्मिलन की बैठक में भी उक्त प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी गई थी. लिहाजा उक्त संकल्प के अनुपालन में निगमायुक्त द्वारा जे.पी. कालोनी की मुख्य गली का नाम शहीद स्व. प्रिंस गर्ग मार्ग नाम से नामांकित करने के संबंध में आदेश जारी कर दिया गया.

अनमोल पोर्टल में गलत डाटा देने पर 25 को नोटिस

नवभारत न्यूज

सतना, 1 जुलाई. जिले में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि हस्हरु पोर्टल पर हितग्राहियों की जानकारी दर्ज करते समय कई स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा त्रुटिपूर्ण एवं गलत डेटा प्रविष्टि की गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सतना द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए कुल 24 एएनएम एवं एक सीएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस प्राप्त करने वाले कर्मचारियों में सुषमा कोल रामपुर बघेलान गुड्डी दुबे मझगवां लक्ष्मी रावत मझगवां विमला त्रिपाठी मझगवां साक्षी सावनेर मझगवां लक्ष्मी बाई सिंह मझगवां सावित्री द्विवेदी नागौद साधना लोधी नागौद चन्द्रावती सिंह अमरपाटन मीरा शर्मा नागौद बाबी कुशवाहा रामपुर बघेलान प्रीति सिंह अमरपाटन भामा गुप्ता उचेहरा अंचल जायसवाल उचेहरा शकुंतला वर्मा रामपुर बघेलान सरोज गौतम मैहर छाया मिश्रा कोठी (सोहावल) पल्लवी शर्मा मैहर विमला शुक्ला मैहर सुनीता सिंह रामपुर बघेलान वर्षा सिंह रामनगर, कविता सिंह कोठी (सोहावल) अनूपा कोल वार्ड क्रमांक 18 (शहरी)सतना ललिता गौतम सतना शहर गीता शुक्ला-उप स्वास्थ्य केंद्र जमुआनी विकासखंड मझगवांशामिल हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले के समस्त स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि हस्हरुपोर्टल पर हितग्राहियों की जानकारी पूर्ण सावधानी एवं शुद्धता के साथ दर्ज की जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में अनावश्यक शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो।

जलभराव प्रभावित क्षेत्रों को लेकर निगमायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

नवभारत न्यूज

सतना,1 जुलाई. अत्यधिक वर्षा के कारण शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति निर्मित होने पर आयुक्त, डॉ.शेर सिंह मीना के निर्देशन में निगम का अमला तत्काल जल निकासी कार्य में जुट गया। आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं मैदानी अमले को संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखते हुए जल निकासी व्यवस्था शीघ्र बहाल करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही जेसीबी, डंपर एवं अन्य आवश्यक मशीनों के साथ टीमें प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचीं और युद्धस्तर पर नाला-नाली सफाई, कचरा हटाने तथा जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया। कार्रवाई के तहत जिला चिकित्सालय के सामने जाम नाली को तत्काल खुलवाकर जेसीबी मशीन एवं डंपर की सहायता से कचरा हटाया गया। खेरमाई रोड स्थित बिहारी ट्रेडर्स के सामने नाली की सफाई कर संचित कचरे का उठाव कराया

गया।वार्ड क्रमांक 24 स्थित जीवन ज्योति कॉलोनी, खेरमाई मंदिर के पीछे मुख्य नाले की व्यापक सफाई कर छह डंपर कचरा हटाया गया। साथ ही वर्षा जल की निर्बाध निकासी सुनिश्चित करने के लिए कच्ची नाली बनाकर अस्थायी जल निकासी व्यवस्था तैयार की गई, जिससे क्षेत्रवासियों को तत्काल राहत मिली। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 19 के इंडस्ट्रियल एरिया में निजी मशीनों की सहायता से नाले की सफाई का कार्य किया गया।

नागरिक सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता

निगमायुक्त डॉ मीना ने मातहत अमले को दो टूक निर्देश दिए कि वर्षाकाल के दौरान नागरिकों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे तथा जल निकासी संबंधी प्रत्येक शिकायत का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि नालियों एवं नालों में कचरा न डालें तथा जल निकासी में बाधा उत्पन्न करने वाली गतिविधियों से बचें, जिससे वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सके।

रोटरी क्लब ने किया 55 यूनिट रक्तदान

नवभारत न्यूज

सतना, 1 जुलाई। मानव सेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब सतना द्वारा आज जिला चिकित्सालय, सतना में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

पब्लिक इमेज चेयरमैन हरिओम गुप्ता ने बताया कि शिविर में रोटरी रोट्रेक्ट क्लब के सदस्यों एवं इनरव्हील,उद्गम की बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कुल 55 यूनिट रक्तदान कर मानवता की सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। क्लब सतना के अध्यक्ष नीतेश बड़ेरिया ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है।

इस अवसर पर उन्होंने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों, जिला चिकित्सालय के स्टाफ एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन रोटरी क्लब सतना के सचिव राजीव अग्रवाल ने किया द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आई एम ए के अध्यक्ष डॉ राकेश अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि रक्त वीर विनोद गेलानी रहे.

डॉक्टर और सीए समाज की अमूल्य धरोहर हैं

नवभारत न्यूज

सतना, 1 जुलाई. राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस के अवसर पर लायंस क्लब सतना नवचेतना द्वारा बुधवार को राजेंद्र नगर स्थित बीकानेर स्वीट्स के सभागार में गरिमामई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में चिकित्सा एवं वित्तीय क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले चिकित्सकों एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। समारोह की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष शैलेंद्र त्रिपाठी ने की। सम्मानित होने वाले चिकित्सकों में डॉ. राकेश अग्रवाल, डॉ. संकल्प जैन, डॉ. प्रदीप्ति जैन, मेडिकल कॉलेज से डॉ. सौम्या मिश्रा, डॉ. विपिन मिश्रा, सीए संजय अग्रवाल एवं सीए विराम जैन भाव विभोर होकर सम्मान किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में शैलेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि डॉक्टर और चार्टर्ड अकाउंटेंट समाज की अमूल्य धरोहर हैं। डॉक्टर अपने ज्ञान, अनुभव और सेवा भाव से लोगों को नया जीवन प्रदान करते हैं,

रोगी कल्याण समिति की बैठक आज

सतना 01 जुलाई. रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय सतना के कार्यकारिणी समिति की बैठक 2 जुलाई को प्रात: 11 बजे से कलेक्ट्रेट सतना के सभाकक्ष में कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। सिविल सर्जन/सचिव, रोगी कल्याण समिति डॉ. अमर सिंह ने संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

डीएच की व्यवस्थाओं पर गणेश सिंह की नजर, निरीक्षण में सामने आईं जरूरतें

नवभारत न्यूज

सतना, 1 जुलाई सतना सांसद गणेश सिंह ने बुधवार को जिला अस्पताल सतना का सघन निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. शशिधर गर्ग, सिविल सर्जन डॉ. अमर सिंह सहित सभी वरिष्ठ चिकित्सकों के साथ अस्पताल की

वर्तमान व्यवस्थाओं, संसाधनों और मरीजों को मिल रही सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सांसद ने अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन 150 बिस्तरों वाले नए अस्पताल भवन का भी निरीक्षण किया और कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सांसद गणेश सिंह ने विभिन्न वार्डों में पहुंचकर मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात की तथा अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चिकित्सकों और प्रशासनिक अधिकारियों को मरीजों के बेहतर उपचार और सुविधाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

एक नजर में

शिक्षक को दी भावभीनी विदाई

सतना। चिन्मय विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक लक्ष्मी नारायण मिश्रा सेवानिवृत्त हुए। उनके सम्मान में चिन्मय विद्यालय परिसर में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिन्मय विद्यालय की आचार्या ब्रह्मचारिणी गार्गी चैतन्य ने की। इस अवसर पर चिन्मय विद्यालय समिति के सदस्य मनमोहन महेश्वरी मनीष कटारे विभाष बनर्जी एवं डॉ. प्रीति नेमा विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार एवं समिति के सदस्यों ने श्री लक्ष्मी नारायण मिश्रा जी के दीर्घ, निष्ठापूर्ण एवं समर्पित कार्यकाल की भूरि-भूरि सराहना की।

महेंद्र सोशल मीडिया के जिला संयोजक नियुक्त

सतना। भाजपा जिलाध्यक्ष पं भगवती प्रसाद पांडे द्वारा पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता

महेंद्र तिवारी को भाजपा सोशल मीडिया का जिला संयोजक नियुक्त किया है ! भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अतुल सिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि महेंद्र तिवारी इसके पूर्व आईटी सेल के जिला सह संयोजक के रूप में पार्टी को अपनी सेवाएं दे चुके हैं ! भाजपा जिलाध्यक्ष द्वारा जारी किए गए नियुक्ति पत्र में महेंद्र तिवारी को सोशल मीडिया के जिला संयोजक के रूप में जमीनी स्तर पर कार्य करने के निर्देश जारी किए गए हैं ।

लायंस क्लब ने मनाया डॉक्टर्स डे

सतना। अंतरराष्ट्रीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स द्वारा दिनांक 1 जुलाई 2026 को डॉक्टर्स डे के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक लायन योगेश शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस इंटरनेशनल डि.3223 सी (मध्यप्रदेश व छत्तीसग?) के फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मलिक रहे। अध्यक्षता लायंस अध्यक्ष लायन आलोक त्रिपाठी ने की।